सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून 13 अप्रैल, 2023

भारत के पूर्व राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद दिनांक 14 अप्रैल, 2023 से तीन दिन के उत्तराखण्ड भ्रमण पर आ रहे हैं। अपने भ्रमण के दौरान वे राजभवन में भी प्रवास करेंगे। राजभवन में उनके सम्मान में राजकीय भोज का भी आयोजन किया गया है। दिनांक 15 एवं 16 अप्रैल को पूर्व राष्ट्रपति श्री कोविंद, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी के विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे इस दौरान उनके साथ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) भी मौजूद रहेंगे।

अपने भ्रमण के दौरान श्री कोविंद 14 अप्रैल को गढ़ी कैंट, देहरादून में भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेड़कर की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। इस मूर्ति के साथ उनका विशेष लगाव रहा है। उल्लेखनीय है कि दिसम्बर 2021 में राष्ट्रपति रहते हुए उत्तराखण्ड भ्रमण पर आए श्री रामनाथ कोविंद द्वारा दिल्ली वापसी के दौरान गढ़ी कैंट में लगी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की इस मूर्ति के छोटा होने की बात अपने परिसहाय से की गयी। इस बात को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल मूर्ति के जीर्णोद्धार के लिए सीईओ कैंट बोर्ड से अनुरोध किया गया। अध्यक्ष कैंट बोर्ड एवं सीईओ कैंट बोर्ड ने मूर्ति के आकार को बढ़ा करने के साथ ही जीर्णोद्धार कर इसे बेहतर स्वरूप दिया। इसके बाद राज्यपाल द्वारा अपने दिल्ली भ्रमण के दौरान उक्त मूर्ति के नये स्वरूप को पूर्व राष्ट्रपति को दिखाया गया जिस पर भावुक हो गए और उन्होंने इस पुनीत कार्य के लिए सभी का धन्यवाद भी किया।

..........0..........